**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा – सरकार देवभूमि उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान और पवित्रता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध।
- ग्राम्य विकास मंत्री भरत सिंह चौधरी ने पौड़ी में विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की। योजनाओं में बेहतर तालमेल पर जोर दिया।
- 'मेरे सपनों का उत्तराखंड' अभियान को विद्यार्थियों की मिल रही शानदार प्रतिक्रिया। अब तक ढाई लाख से अधिक छात्रों ने निबंध और सुझाव पोर्टल पर साझा किए।
- पिथौरागढ़ में आयोजित 'मेरा सपना, मेरा लक्ष्य' कार्यक्रम में विभिन्न विभागों और सेना की महिला अधिकारियों ने छात्राओं से संवाद किया।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार देवभूमि उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान और पवित्रता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। वे आज हरिद्वार स्थित श्री ब्रह्म निवास आश्रम में पूज्य सतगुरु लाल दास महाराज के 51वें निर्वाण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सतगुरु लाल दास महाराज ने समाज को सेवा, सत्य और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी तथा समाज को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण के साथ ही उत्तराखंड के धार्मिक स्थलों का भी तेजी से विकास किया जा रहा है।

**ग्राम्य विकास मंत्री**

ग्राम्य विकास मंत्री भरत सिंह चौधरी ने आज पौड़ी में अधिकारियों के साथ विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास और स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ाने के लिए विभागीय योजनाओं में बेहतर समन्वय पर जोर दिया। उन्होंने मनरेगा की लंबित देनदारियां जल्द निपटाने, अधिक मानव दिवस सृजित करने और नई योजना के प्रति ग्राम प्रधानों व जनप्रतिनिधियों को जागरूक करने के निर्देश दिए। साथ ही बांस–रिंगाल, पशुपालन और स्थानीय उत्पादों को आजीविका से जोड़कर ग्रामीण आय बढ़ाने पर भी जोर दिया।

**रोपवे निरीक्षण**

चम्पावत के जिले में प्रस्तावित मां पूर्णागिरि रोपवे परियोजना का आज जिलाधिकारी मनीष कुमार ने स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को कार्यों में तेजी लाने और परियोजना को निर्धारित समय–सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। लगभग 45 करोड़ रुपये की लागत से बन रही इस परियोजना के पूरा होने से विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और दिव्यांग श्रद्धालुओं को दर्शन में सुविधा मिलेगी। इसके आलवा क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होने की उम्मीद है।

**मेरे सपनों का उत्तराखंड**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल पर शुरू किए गए 'मेरे सपनों का उत्तराखंड' अभियान को विद्यार्थियों की शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। प्रदेशभर से अब तक ढाई लाख से अधिक विद्यार्थियों ने निबंध और सुझाव पोर्टल पर साझा किए हैं। विद्यार्थियों ने पर्यटन, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, सामाजिक विकास और तकनीक सहित विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि उपयोगी और

व्यावहारिक सुझावों को राज्य की नीतियों और भविष्य की कार्ययोजनाओं में शामिल किया जाएगा। अभियान के तहत 140 श्रेष्ठ विचारों का चयन होगा। चयनित विद्यार्थियों को वरिष्ठ अधिकारियों और मुख्यमंत्री के साथ संवाद करने का अवसर मिलेगा। साथ ही, उन्हें करियर और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहयोग तथा अन्य पुरस्कार भी दिए जाएंगे। पोर्टल पर निबंध जमा करने की अंतिम तारीख 24 अगस्त निर्धारित की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के विचार आज के उत्तराखंड को नई दिशा देने की क्षमता रखते हैं और उन्हें विकसित उत्तराखंड के निर्माण में सक्रिय भागीदार बनाया जाएगा।

**मेरा सपना—मेरा लक्ष्य**

पिथौरागढ़ कलेक्ट्रेट में आज 'मेरा सपना, मेरा लक्ष्य' कार्यक्रम का छठा संस्करण आयोजित किया गया, जिसमें गंगोत्री गर्ब्याल जीजीआईसी पिथौरागढ़ की छात्राओं ने भाग किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों और सेना की महिला अधिकारियों ने छात्राओं से संवाद किया। उन्होंने छात्राओं को विभिन्न करियर विकल्पों, प्रतियोगी परीक्षाओं और अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए जरूरी तैयारियों की जानकारी दी। इस दौरान छात्राओं ने करियर और भविष्य से जुड़े सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों ने विस्तार से जवाब दिया। जिलाधिकारी ने छात्राओं से अनुशासन को जीवन का हिस्सा बनाकर अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। वहीं, कार्यक्रम में शामिल होकर छात्रा दीक्षा और सीमा भी काफी उत्साहित नजर आईं।

**खाद्य सुरक्षा**

रक्षाबंधन के मद्देनजर खाद्य संरक्षण एवं औषधि प्रशासन की टीम ने आज हरिद्वार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खाद्य प्रतिष्ठानों और डेयरियों में औचक निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान मिठाइयों और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता व स्वच्छता की जांच की गई तथा प्रयोगशाला जांच के लिए चार नमूने लिए गए। नियमों का उल्लंघन करने पर दो मिष्ठान विक्रेताओं को नोटिस जारी किए गए। वहीं, बिना खाद्य पंजीकरण और अस्वच्छ परिस्थितियों में कारोबार करने पर दो प्रतिष्ठानों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने इन प्रतिष्ठानों को खाद्य पंजीकरण प्राप्त होने तक कारोबार बंद रखने के निर्देश दिए। विभाग ने कहा कि रक्षाबंधन और जन्माष्टमी तक जांच अभियान लगातार जारी रहेगा।

**रक्षाबंधन**

रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में टिहरी जिले के राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज, दौंक की छात्राओं ने देश की सुरक्षा में तैनात भारतीय सेना, आईटीबीपी और एनसीसी के अधिकारियों वं जवानों को रक्षा सूत्र बांधे। छात्राओं ने जवानों का तिलक लगाकर अभिनंदन किया और उनके दीर्घायु और सुरक्षित जीवन की कामना की। इस दौरान छात्राओं ने जवानों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। सुरक्षा बलों के अधिकारियों और जवानों ने भी छात्राओं से संवाद कर उन्हें शिक्षा, लक्ष्य और राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति और सुरक्षा बलों के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करना था।